ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

संख्या : 1302 /भाविवि/प0नि0का0/2026 दिनांक : 08 जून, 2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के सत्र 2025–26 डिप्लोमा/स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम के अन्तिम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 स्पेशल बैक पेपर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म **दिनांक 09.06.2026 से दिनांक 15.06.2026 तक** समर्थ पोर्टल के माध्यम से भराये जायेंगे। सम्बन्धित छात्र–छात्राएं समर्थ पोर्टल पर अपने लॉग–इन आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

सूच्य है कि विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह दिनांक 08.07.2026 को आयोजित होना निर्धारित है जिसके दृष्टिगत उक्त तिथि तक परीक्षा फार्म भरवाये जाने के उपरान्त जून माह में परीक्षा सम्पादित कराकर जून के अन्तिम सप्ताह में परीक्षा परीणाम जारी किया जाना है।

अतः सम्बन्धित छात्र–छात्राओं से अपेक्षित है कि उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि **दिनांक 15.06.2026** तक प्रत्येक दशा में परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा फार्म भरवाकर तत्काल परीक्षा सम्पादित कर परीक्षा परिणाम जून के अन्तिम सप्ताह में घोषित किया जा सके अन्यथा की स्थिति में उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित होना पड़ेगा जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(विकास)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।
1–वैक्तिक सहायक, कुलपति जी को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2– अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
3– सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/विषय प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित की वह सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
4– कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5– वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6– मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि विद्यार्थियों के हित में सम्मानित समाचार पत्रों में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

08.6.2026
परीक्षा नियंत्रक